Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding frequent earthquakes being experienced in Seoni city in Balaghat Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh - laid.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): मेरे लोकसभा क्षेत्र बालाघाट सिवनी के सिवनी शहर में विगत 1 से 1-2 वर्षों से लगातार रिक्टर स्केल पर 3.5 तीव्रता के भूकंप के झटके आ रहे हैं । इससे जनता के मकानों में दरारें आ रही हैं । कच्चे मकान धराशायी होने के कगार पर हैं । एक दो दिन में कई बार 15-20 बार झटके आ रहे हैं । विभाग द्वारा उचित कारण नहीं बताया जा रहा है । ऐसी ही स्थिति म.प्र. के झाबुआ जिले की भी है । जनता में भारी असुरक्षा का वातावरण व्याप्त है ।

अतः शासन से अनुरोध है कि भूकम्प के लगतार आ रहे झटकों को मापने के लिए एवं कारणों का पता लगाने के लिये आवश्यक उपकरण लगाने की व्यवस्था करें एवं कारणों का पता लगाकर सक्षम उपाय करने का कष्ट करें ।